चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

पत्रांक : बी0एड0 (परीक्षा)/4103
दिनांक : 15.03.2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
(बी0एड0 पाठयकम संचालित),
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः—बी0एड0 मुख्य परीक्षा 2024 के परीक्षा फार्म प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित ही है कि बी0एड0 प्रथम व द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा 2024 के (मुख्य, बैक एवं भूतपूर्व) विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भरवाये जा चुके है।

भरे गये परीक्षा फार्म विभाग में जमा करने की तिथि जनपद बारः—

भरे गये परीक्षा फार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि (जनपद—हापुड़, बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, शामली व मुजफ्फरनगर) : 20.03.2024

भरे गये परीक्षा फार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि (जनपद—बागपत, मेरठ, गाजियाबाद व सहारनपुर) : 21.03.2024

परीक्षा फार्म प्रेषित करने के महत्वपूर्ण अनुदेशः—

01. परीक्षायें माह मई, 2024 में आयोजित होगी। अतः समस्त प्राचार्य (महाविद्यालयों/संस्थानों) से अनुरोध है कि समयान्तर्गत छात्रों की अतिरिक्त कक्षायें चलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना, आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराना इत्यादि सुनिश्चित करे।
02. कालेज के लेटर पेड पर कालेज कोड, ई—मेल आई0डी0 तथा दूरभाष नम्बर आवश्यक रूप से अंकित हो तथा लेटर पर काऊसंलिग व अल्पसंख्यक कोटे के प्रवेशों का पूर्ण उल्लेख करें।
03. परीक्षाफार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु एजेन्सी हैल्प लाइन नम्बर .01212997771, 01212997772 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
04. जिन विद्यार्थियों के प्रवजन प्रमाण पत्र संलग्न न हो उनके नामांकन फार्म भी प्रेषित करें।

05. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी विद्यार्थी एक साथ दो वर्षों (भूतपूर्व छात्र तथा मुख्य परीक्षा के रूप में) के परीक्षा फार्म नहीं भर सकता। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो उसका परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान द्वारा कन्फर्म न किया जाये तथा ऐसे विद्यार्थी का परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

06. अनुसूचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थी परीक्षा फार्म के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र व संदर्भित जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।

07. परीक्षा फार्म भरने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षा फार्म का प्रिंट निकाल ले। परीक्षाफार्म की एक हार्ड कॉपी अन्तिम तिथि समाप्त होने से पूर्व ही महाविद्यालय/संस्थान को जमा कराये एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।

08. छात्र द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म को महाविद्यालय/संस्थान अपने पोर्टल पर ऑनलाइन कन्फर्म करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय/संस्थान की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

09. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रथम वर्ष के परीक्षा फार्म के प्रथम पृष्ठ पर विद्यार्थी का अनुकमांक व नामांकन संख्या आवश्यक रूप से अंकित करे।

10. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा वविश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों का अनुपालन न होने से किसी विद्यार्थी का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी।

11. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों के साथ नोमिनल रोललिस्ट व माईग्रेसन की एक छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करे।

12. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पोर्टल पर बिना कन्फर्म किये गये परीक्षा फार्म प्रेषित न किया जाये अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

13. परीक्षा फार्म जमा करते समय रूपये 100-/ का शपथ-पत्र इस आशय से प्रेषित करे कि संस्थान द्वारा काऊसंलिग के माध्यम से तथा विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकृत (अल्पसंख्यक कोटे) के ही प्रवेशित विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म आपके द्वारा ऑन लाईन सत्यापित किये गये हैं। यदि उक्त से अतिरिक्त कोई वर्तमान व भविष्य में कोई विद्यार्थी पाया जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संस्थान के प्राचार्य/निदेशक की होगी।

14. विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय/संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित रोल लिस्ट में अंकित अनुकमांक के कम में परीक्षा फार्म प्रेषित करें अन्यथा परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

15. जो महाविद्यालय/संस्थान विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि पर जमा नही करेगे, पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदार सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानो के प्राचार्य/निदेशक की होगी।

16. परीक्षा फार्मो के साथ पोर्टल से डाउनलोडेउ रोल लिस्ट व न्यूमेरिकल रिटर्न की सत्यापित छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करे।

17. विश्वविद्यालय विज्ञप्ति संख्या परीक्षा/ए0आर0/8373, दिनांक 20.12.2023 एवं परीक्षा/डी0आर0/8440, दिनांक 08.01.2024 द्वारा निर्गत अनुदेशों के अनुसार नामांकन प्रपत्र एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

15.03.2024

परीक्षा नियत्रंक